# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० :2231562, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in, ई-मेल: bseapatna@gmail.com

पटना/ दिनांक 14/03/2020

## अधिसूचना

संचिका संख्या- नि०प्रा०/नि०1-03/ 2019 खण्ड-II ...810... प्राधिकार की अधिसूचना संख्या- 735 दिनांक 03.03.2020 द्वारा मधुबनी जिला के खुटौना प्रखंड अन्तर्गत कारमेघ उत्तरी पैक्स, प्राधिकार की अधिसूचना संख्या- 741 दिनांक 04.03.2020 द्वारा रोहतास जिला के कोचस प्रखंड अन्तर्गत नरवर पैक्स, समस्तीपुर जिला के विद्यापतिनगर प्रखंड अन्तर्गत मनियारपुर पैक्स, वैशाली जिला के महुआ प्रखंड अन्तर्गत फतहपुर पकड़ी पैक्स एवं सुपौल तरिया पैक्स तथा प्राधिकार की अधिसूचना संख्या- 797 दिनांक 09.03.2020 द्वारा पूर्वी चम्पारण जिला के अरेराज प्रखंड अन्तर्गत ममरखा टोला भैया पैक्स का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया गया था।

2. राज्य में कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक स्थल के कार्यक्रमों को दिनांक 31.03.2020 तक स्थगित कर दिया गया है। मतदान केन्द्र में भी मतदान के दौरान मतदाता सामूहिक रूप से एकत्र होकर मतदान करेंगे, जिससे कोरोना वायरस के तीव्रता को रोके जाने के प्रयास में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

3. उक्त परिप्रेक्ष्य में ऊपर उल्लिखित अधिसूचनाओं द्वारा उक्त पैक्सों के संबंध में निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम को स्थगित करते हुए निम्नवत् पुनर्निधारित किया जाता है:-

| क्र० | निर्वाचन के प्रक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | नामांकन देने के अवधि | 04.04.2020 (शनिवार) एवं 05.04.2020 (रविवार)<br>11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | संवीक्षा की तिथि | 07.04.2020 (मंगलवार) एवं 08.04.2020 (बुधवार)<br>11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 10.04.2020 (शुक्रवार)<br>11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | मतदान, यदि आवश्यक हो | 17.04.2020 (शुक्रवार)<br>07:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 5 | मतगणना | 17.04.2020 (शुक्रवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |
| 6 | निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति | 22.04.2020 (बुधवार) |

4. उक्त अधिसूचना की शेष बातें यथावत रहेंगी।

14.3.20

(रंजना कुमारी)
संयुक्त सचिव

Noti. for_Ext. Voting of 06 PACS, Mar, 20

ज्ञापांक : 810 पटना/ दिनांक 14/03/2020

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

14.3.20

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : 810 पटना/ दिनांक 14/03/2020

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, दरभंगा, पटना, तिरहुत/ जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), मधुबनी, समस्तीपुर, वैशाली, पूर्वी चम्पारण एवं रोहतास/ पुलिस अधीक्षक, मधुबनी, समस्तीपुर, वैशाली, पूर्वी चम्पारण एवं रोहतास/ उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स॰स॰), मधुबनी, समस्तीपुर, वैशाली, पूर्वी चम्पारण, एवं रोहतास/ जिला सहकारिता पदाधिकारी -सह- जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), मधुबनी, समस्तीपुर, वैशाली, पूर्वी चम्पारण एवं रोहतास/ प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), खुटौना, कोचस, विद्यापतिनगर, जन्दाहा एवं अरेराज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रमंडलीय आयुक्त से अनुरोध है कि पैक्स चुनाव, 2019 की भाँति इस चुनाव में भी ससमय अपने स्तर से पर्यवेक्षक (Observer) की नियुक्ति सुनिश्चित करेंगे।

3. जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), मधुबनी, समस्तीपुर, वैशाली, पूर्वी चम्पारण एवं रोहतास से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

4. संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं निर्वाचन पदाधिकारी इस कार्यक्रम की सूचना संबंधित समिति को निश्चित रूप से देंगे एवं इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी करेंगे।

14.3.20

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : 810 पटना/ दिनांक 14/03/2020

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14.3.20

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : 810 पटना/ दिनांक 14/03/2020

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

14.3.20

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : 810 पटना/ दिनांक 14/03/2020

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना का कोषांग/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14.3.20

संयुक्त सचिव